एक नजर में

कलेक्टर गर्ग ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिती गर्ग ने नवीन कलेक्टर भवन के सामने स्थित वेयर हाउस का निर्धारित मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर गर्ग ने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग, लॉगबुक एवं प्रवेश रिकॉर्ड का सत्यापन किया। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपायों एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन शाखा के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान में लसुडावन की प्राचीन बावड़ी का किया जीर्णोद्धार

मंदसौर। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत लसुडावन में स्थित प्राचीन ओरा की बावड़ी की सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया गया। अभियान के तहत बावड़ी की साफ-सफाई कर उसे पुन: उसके मूल स्वरूप में लाया गया, जिससे अब यह प्राचीन जल संरचना फिर से आकर्षक दिखाई देने लगी है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने श्रमदान कर अभियान में सहभागिता निभाई। जनपद अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्राचीन जल संरक्षण संरचनाएं आज भी अत्यंत प्रासंगिक एवं उपयोगी हैं। उन्होंने क्षेत्र की समस्त जल संरचनाओं एवं प्राचीन बावड़ियों की सामुदायिक सहयोग से नियमित साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों के संरक्षण से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी तथा लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं परंपरागत जल स्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

रातीखेड़ी में जल गंगा संवर्धन के तहत कुइयां की सफाई, निकाली कलश यात्रा

कुंचडोद। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला व ब्लॉक समन्वयक के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रातीखे ?ी के अध्यक्ष पुष्कर बैरागी एवं उनकी समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। इसके तहत ग्रामीणों ने पुरानी कुइयां की सफाई की और पीपल के वृक्ष व गंगा मैया की विधि-विधान से पूजा की। इस अवसर पर जल संरक्षण का संदेश देने के लिए भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम में कुंचडोद प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गोपाल गुजरिया, सचिव पप्पू लाल सेन, उप सरपंच प्रकाश राव सहित नारायण सिंह, सुंदरलाल, शंकर लाल, गोपाल राव, सुरेश, राजू, विनय, हरीश, जसपाल सिंह, बगदीराम, भंवर लाल और ब ?ी संख्या में आंगनबा ?ी व आशा कार्यकर्ताओं सहित महिला शक्ति उपस्थित रही।

मोरखेड़ा के लाल भारत मीणा का अग्निवीर में चयन, गांव में जश्न

मंदसौर। तिरंगे की शान बनकर देश की सेवा करना हर युवा के लिए सबसे ब ?ा सौभाग्य होता है। एक छोटे से गाँव से निकलकर भारतीय सेना तक का सफर तय करना आसान नहीं होता, लेकिन कठिन परिश्रम, अटूट लगन और देश सेवा के ज ?बे से इस नामुमकिन राह को भी मुमकिन बनाया जा सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है ग्राम मोरखे ?ा के होनहार युवा भारत मीणा ने, जिनका चयन भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के अंतर्गत हुआ है। भारत के पिता शंभुलाल मीणा और पूरे परिवार के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है, जिससे आज न सिर्फ माता-पिता बल्कि पूरे क्षेत्र का सीना गर्व से चौ ?ा हो गया है। गाँव के इस लाल की इस गौरवमयी उपलब्धि पर पूरे मोरखे ?ा गाँव में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस विशेष अवसर पर गाँव के सरपंच सरपंच लक्ष्मीनारायण, उदय लाल, बालाराम, कपिल, किशोर, बंटी, अरुण और अनिता रावत ने देश के इस भावी रक्षक को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने भारत के इस जज्बे की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि भारत की यह सफलता गाँव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

कविता मिण्डा को मिला मल्टीपल में बेस्ट लियो डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन गोल्ड अवार्ड

मंदसौर। लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल 3233 का अधिवेशन उर्वीश 2023 का आयोजन इंदौर में हुआ, जिसमें लायन कविता मिंडा जैन को पूरे मल्टीपल में उत्कृष्ट कार्यों हेतुबेस्ट लियो डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। लायन वर्ष 2025-26 के दौरान कविता मिंडा द्वारा 18 नए लियो क्लब स्थापित किए गए तथा 43 प्रतिशत सदस्यता वृद्धि दर्ज की गई, जो पूरे प्रांत में सराहनीय उपलब्धि रही। वर्षभर लियो गतिविधियों, सेवा कार्यों एवं नेतृत्व विकास में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन मनीष शाह ने भी वर्षभर लियो क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। पूरे मल्टीपल 3233 में श्रेष्ठ कार्य के आधार पर कविता मिंडा जैन को बेस्ट लियो डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से प्रांत एवं क्लब में हर्ष का वातावरण है तथा सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। सूचना मंदसौर लायन स्टार क्लब सचिव लायन रुचि कालरा द्वारा प्रेषित की गई।

विरोध के बीच तीसरे दिन भी चली अतिक्रमण हटाओ मुहिम

- चौपाटी क्षेत्र में चला बुलडोजर, नालों और सर्विस रोड से हटाए गए कब्जे

पिपलिया मण्डी। नगर में प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। विरोध और नगर बंद की अफवाहों के बावजूद नगर परिषद, पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चौपाटी क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाए।

प्रशासन ने सर्विस रोड, नालों और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए कब्जों, टीनशेड एवं अस्थाई दुकानों को बुलडोजर से हटाया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार ब्रजेश मालवीय, सीएमओ प्रवीण सेन, चौकी प्रभारी भीमसिंह राठौड़ सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण सेन ने बताया कि बढ़ते अतिक्रमण से यातायात एवं जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी, इसलिए जनहित में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भूमि पर कब्जे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इधर सोशल मीडिया पर पिपलियामंडी बंद के संदेश वायरल होने के बावजूद अधिकांश व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान खुले रखे और जनजीवन सामान्य बना रहा। नगर परिषद अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया ने नागरिकों से अफवाहों से दूर रहने और नगर की शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन नगर की जनता विकास और व्यवस्था के पक्ष में है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आगामी दिनों में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा।

महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश पूजन कर भारतीय संस्कृति का दिया संदेश

- जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत बावड़ी पूजन और कलश पूजन विधि-विधान के साथ संपन्न

मंदसौर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत संजीत आदर्श ग्राम स्थित फोसरी माता मंदिर परिसर एवं आदर्श ग्राम टिडवास में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन तृप्ति बैरागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर आयोजित इस कार्यक्रम में उत्साह फाउंडेशन के सदस्य, समिति अध्यक्ष, नवांकुर संस्थाओं की सखियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश पूजन किया तथा भव्य कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं सदस्यों ने वृक्ष पूजन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही बावड़ी पूजन एवं कलश पूजन भी विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। पूरे आयोजन में जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

जल बचाने, जल स्रोतों को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया। सामाजिक सहभागिता, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का यह आयोजन क्षेत्र में प्रेरणा का केंद्र बना। इस अवसर पर प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष मांगीलाल डांगी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

मानव सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं, चिकित्सा सेवा सर्वश्रेष्ठ पुण्य कर्म : उपाध्याय डॉ. गौतम मुनि

मंदसौर। मानव सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं, प्यासे को पानी पिलाना, भूखे को अन्न देना, और बीमार व्यक्ति की सेवा चिकित्सा करना संसार का सर्वश्रेष्ठ पुण्य है जो भी मानव यह पुण्य करता है वह अपना अगला भव अवश्य ही सुधार लेता है। चिकित्सा सेवा में जो व्यक्ति संलग्न है वे इसे मानव सेवा समझे और सेवा के उद्देश्य को लेकर काम करेंगे तो इस भव में भी सुख पायेंगे और अगले भव में भी सुख पायेंगे।

उक्त उद्गार परम पूज्य जैन संत, उपाध्याय डॉ. गौतम मुनि जी म. सा. आदि ठाणा 2 ने संजीत रोड (तीर्थंकर महावीर मार्ग) पर नवनिर्मित श्री गुरु प्रताप स्मृति स्वरूप हास्पीटल के परिसर में आयोजित प्रवचन (धर्मसभा) में कहे। आपने बुधवार को यहां समाजसेवी रमेश चंदवानी, राजेन्द्र चंदवानी, नरेश चंदवानी के नवनिर्मित हास्पिटल के परिसर में आयोजित व्याख्यान में कहा कि जो व्यक्ति दिन दुखियो एवं जरूरतमंदों की सेवा करता है उसे समाज में यश व प्रसिद्धि स्वत: ही मिल जाती है ज्ञानीजन कहते है कि नर सेवा ही नारायण (प्रभु) सेवा है। अर्थात् हम मनुष्य जिसे सेवा की मदद की जरूरत है उसकी सेवा चिकित्सा करे आपने कहा कि चंदवानी परिवार सेवाभावी परिवार है सिंधी समाज में अपने सेवा के बदौलत इस परिवार ने विशेष ख्याति अर्जित की है यह नवनिर्मित हॉस्पीटल भी सेवा का केन्द्र बने और इस हास्पीटल में आने वाले रोगी निरोगी होकर जाये।

प. पू. श्री वैभव मुनि जी म. सा. ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा व चिकित्सा का स्वरूप व्यावसायिक होता जा रहा है ऐसे समय में यदि कोई परिवार कम दर पर शिक्षा एवं चिकित्सा उपलब्ध करा रहा है तो वह सेवा ही है। पुराने समय में रोटी, कप?ा व मकान अनिवार्य आवश्यकता में आते थे लेकिन आजकल शिक्षा व चिकित्सा भी अनिवार्य आवश्यकता में शामिल है ऐसे में चंदवानी परिवार का यह सेवा प्रकल्प अवश्य ही मानव सेवा का माध्यम बनेगा।

प्रवचन के उपरांत चंदवानी परिवार के रमेश चंदवानी, राजेन्द्र चंदवानी, नरेश चंदवानी ने पधारे सभी अतिथियों एवं पधारे अति विशिष्ट व्यक्तियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे तथा चंदवानी परिवार की सेवा गतिविधियों की सराहना की। धर्मसभा में आध्यात्मिक गुरु शिवकरण प्रधान, समाजसेवी गोपाल पटवा, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, शिवराजसिंह घटावदा, मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार, श्री गुरू गौतम मुनि चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष प्रवीण बघेरवाल, सचिव पिंकेश पालीवाल, ट्रस्टी राजेश नामदेव आदि के द्वारा दुपट्टा पहनाकर किया गया।

नीमा समाज की श्रीमद् भागवत कथा में जांगिड़ समाज पदाधिकारियों ने किया सम्मान

- पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया और
- मनजीत सिंह टूटेजा भी पहुंचे कथा सुनने

मंदसौर। नीमा समाज मंदसौर के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में शुक्रवार को कथा वाचक परम पूज्य पंडित विष्णु जी शर्मा रठाना वालों का अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी सुधीर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, शिवकुमार शर्मा, गोकुल शर्मा, सुरेश शर्मा, शिवदयाल शर्मा, अनिल तिवारी, अजय शर्मा एवं श्रीमती अंजली शर्मा द्वारा पुष्पमालाओं एवं शॉल ओढ़ाकर आत्मीय सम्मान किया गया। समाजजनों ने धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए कथा का श्रवण किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया एवं समाजसेवी मनजीत सिंह टुटेजा, भी विशेष रूप से उपस्थित होकर कथा का श्रवण करने पहुंचे तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं संगीतमय वर्णन किया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने बड़े हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ सुना। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता एवं आध्यात्मिक चेतना का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के अंत में कथा समिति एवं नीमा समाज द्वारा पधारे अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। कथा महोत्सव निरंतर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ जारी है।

पुलिस पर फायर कर भाग रहा अंतर्राज्यीय डोडाचूरा तस्कर गिरफ्तार

- नारायणगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 252 किलो डोडाचूरा और देशी पिस्टल बरामद

मंदसौर। नारायणगढ़ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायर कर भागने का प्रयास करने वाले दो अंतर्राज्यीय डोडाचूरा तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 252 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस सहित हुंडई क्रेटा कार जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बरखेड़ा विरपुरिया फंटा के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पिपलियामंडी की ओर से आ रही क्रेटा कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज गति से भगाते हुए यात्री प्रतीक्षालय की दीवार और बाद में पेड़ से टकरा गया।

कार सवार दोनों आरोपी भागने लगे, जिनमें से एक आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से चार फायर किए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों राजूराम विश्नोई निवासी जालोर एवं सुरज विश्नोई निवासी सांचौर, राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में कार से 12 कट्टों में भरा 252 किलो डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल, मोबाइल फोन, वाहन नंबर प्लेटें व अन्य सामान बरामद किया गया। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है।

आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अवैध मादक पदार्थ के स्रोत को लेकर पूछताछ की जा रही है।

एक नजर

नियुद्ध राइफल शूटिंग और आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर का द्वितीय जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता 2026 का सफल आयोजन

प्रतियोगिता में 20 से अधिक खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

मंदसौर। वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंदसौर मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन नियुद्ध एयर गन शूटिंग एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर द्वारा 25 मई को नियुद्ध हॉल, मंदसौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर से आए 20 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लेकर अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंदसौर के अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता के पीछे निरंतर अभ्यास, अनुशासन और गुरु का मार्गदर्शन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल युवाओं को आत्मविश्वास, धैर्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना सिखाते हैं। विशिष्ट अतिथि एवं नियुद्ध गुरुकुल मंदसौर के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम हैं। खिलाड़ी यदि लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण और दृढ़ निश्चय रखें तो वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में नियुद्ध खेल के संस्थापक नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिला?ायों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियुद्ध केवल एक खेल नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, आत्मरक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उनके प्रेरणादायक उद्बोधन से खिला?ायों में नया उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला। साथ ही शॉटगन खेल के वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिला?ी मनित्व सिंह रावत ने खिला?ायों को विशेष मार्गदर्शन देते हुए अभ्यास, एकाग्रता एवं मानसिक संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खिला?ायों को बताया कि नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास ही एक सफल खिला?ी की पहचान होती है। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में खिला?ायों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट निशानेबाजी का परिचय दिया। मिनी वर्ग के पीप साइड 10 मीटर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में सानवी कालरा ने प्रथम, अर्पण भंडारी ने द्वितीय एवं इनाया खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ओपन साइट 10 मीटर प्रतियोगिता में यश वर्धन चौहान प्रथम, भव्या विशनानी द्वितीय तथा गगन पाटीदार तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग की पीप साइड 10 मीटर प्रतियोगिता में अर्पित सुथार ने प्रथम, लखन सेन ने द्वितीय एवं गौरी पाटीदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग की पीप साइड 10 मीटर प्रतियोगिता में विशाल धनगर प्रथम, वर्षा सेन द्वितीय एवं प्रियंका बोराना तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं ओपन साइट 10 मीटर प्रतियोगिता में अभिरुचि भंडारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पिस्टल शूटिंग 10 मीटर प्रतियोगिता में पैरा खिलाड़ी रानी टॉक ने प्रथम स्थान हासिल किया।